प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 01.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ आज से नए आयकर अधिनियम, डिजिटल भुगतान के लिए दो चरणों में सत्यापन और पैन कार्ड आवेदन के लिए संशोधित नियम लागू।

2. पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत राज्य को मिला वित्तीय वर्ष 2025 – 26 का बकाया 2 हजार 254 करोड़, हर पंचायत को मिली करीब 52 लाख से ज्यादा की राशि।

3. राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल ने ओडिशा के स्थापना दिवस पर ओडिशावासियों को दी शुभकामनाएं ।

4. प्रभाकर प्रभात रांची ईडी जोनल के नए जॉइंट डायरेक्टर बनाए गए , अजय लुहाच का रांची से रायपुर तबादला।

   और

5. चतरा की मगध आम्रपाली कोलियरी ने 34 मिलियन टन कोयला बेचकर देश को दिया तीन हजार करोड़ का मुनाफा।

****

आज से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही प्रमुख वित्तीय नियमों में बदलाव सहित कई सुधार लागू हो गए हैं। नए वित्त वर्ष के पहले दिन आज आयकर अधिनियम 2025 ने छह दशक से भी अधिक पुराने आयकर अधिनियम 1961 का स्थान ले लिया है। इसे पुराने प्रावधानों को हटाकर, जटिल नियमों को सुव्यवस्थित करके और करदाताओं के लिए अनुपालन को अधिक सरल बनाकर कर प्रणाली को आसन बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देश अनुसार आज से देश में सभी डिजिटल भुगतान लेनदेन के लिए टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन दो कारक प्रमाणिकरण के मानदंडों को पूरा करना अनिवार्य होगा। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए फास्ट टैग वार्षिक पास का संशोधित शुल्क भी आज से लागू होगा। इसके साथ ही स्थायी खाता संख्या पेन कार्ड के लिए आवेदन करने या उसे अपडेट करने के संशोधित नियम भी आज से प्रभावी होंगे।

****

वित्तीय वर्ष 2025 – 26 के अंतिम दिन कल झारखंड को 15 वें वित्त आयोग के तहत करीब 2 हजार 254 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इससे हर पंचायत के हिस्से में करीब 51 लाख 80 हजार रुपए आयेंगे। ये राशि राज्य गठन के बाद से अब तक मिलने वाली सर्वाधिक राशि है । ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि इस राशि से गांव के विकास को रफ्तार मिलेगी।

****

विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या गणना प्रक्रिया, जनगणना–2027 का पहला चरण आज से शुरू हो गया। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। एक रिपोर्ट–

****

भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में बताया कि यह जनगणना पिछली जनगणना से अलग है। उन्होने विदेश में रहने वाले भारतीयों की इस जनगणना में भागीदारी करने के तरीकों को भी स्पष्ट किया है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के स्थापना दिवस पर ओडिशावासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी ओडिशा के स्थापना दिवस पर निरंतर विकास की मंगलकामनाएं की।

****

चक्रधरपुर रेल डिवीजन के टाटानगर रेलवे अस्पताल में जल्द बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने अस्पताल के विकास कार्यों को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत भवन, वार्ड और अन्य सुविधाओं के सुधार पर 1 करोड़ 87 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुतलू मुर्मू के अनुसार, अस्पताल का चरणबद्ध तरीके से विकास किया जाएगा, जिससे इलाज की गुणवत्ता और मरीजों की सुविधा में सुधार होगा।।

****

प्रभाकर प्रभात रांची ईडी जोनल के नए जॉइंट डायरेक्टर बनाए गए हैं. वहीं, अजय लुहाच का तबादला रांची से रायपुर किया गया है. इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है प्रवर्तन निदेशालय ने बड़े पैमाने पर अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है

****

हजारीबाग जिले में रामनवमी के दिन एक युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। एडिशनल एसपी अमित कुमार ने बताया कि तीन आरोपियों की गिरफ्तार किया गया है जबकि एक फरार आरोपी की तलाश जारी है।

****

चतरा जिले के टंडवा स्थित सीसीएल की मगध और आम्रपाली कोल परियोजनाओं ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में लगभग 36 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर सीसीएल को लगभग तीन हजार करोड़ करने का शुद्ध मुनाफा दिया है। मगध के जीएम चितरंजन कुमार और आम्रपाली के महाप्रबंधक संजीव कुमार के अनुसार मगध ने वित्तीय साल 25–26 में लगभग 20 मिलियन टन यानी दो सौ लाख टन कोयला 365 दिनों में उत्पादित किया है।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 38 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 48 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

एक्सएलआरआई, जमशेदपुर में डॉक्टरेट समुदाय के लिए आयोजित दो दिवसीय सेमिनार और कार्यप्रणाली कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हो गया। एक्सएलआरआई के प्रोफेसर – डॉ विनायक राम त्रिपाठी ने बताया कि "विजन विकसित भारत 2047" की परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए आयोजित कार्यक्रम का मुख्य विषय मौखिक, दृश्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों की बारीकियों का गहन अध्ययन रहा।

****

धनबाद जिले में देश के पांच प्रमुख आईआईटी संस्थानों की ओर से 6 और 7 अप्रैल को इन्वेंटिव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान इन सभी संस्थानों के प्रमुख और प्रोफेसर विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखेंगे। कार्यक्रम की आयोजन समिति के सचिव आईआईटी आईएसएम के प्रोफेसर एजाज़ अहमद ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान तकनीक, स्टार्टअप और नए अवसरों पर चर्चा होगी।

*******समाप्त************